**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन जयपुर**

## राज्यपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## राज्यपाल ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को कौशल पूर्ण शिक्षा देने व बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर हो विशेष प्रयास. राज्यपाल

जयपुरध्फलौदीए8 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में शनिवार को फलौदी कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गईं। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं और कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति तथा प्राप्त उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार के लिए योजना एवं कार्यक्रमए स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किए जा रहे प्रयास तथा हिन्दू विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और सम सामयिक हालातों पर जानकारी ली।

राज्यपाल ने इस दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीणए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनाए स्वामित्व योजना ग्रामीणए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए जल जीवन मिशनए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ;जलग्रहण घटकद्धए पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना ;आरडीएसएसद्धए सॉयल हैल्थ कार्ड योजनाए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाए उद्यान विभाग की योजनाएंए शिक्षा विभागए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाए मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजनाए टीकाकरणए प्रधानमंत्री उज्जवला योजनाएपशुपालन विभाग एफ एम डी सी पी.3 वैक्सीनेशनए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाए प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाध् जीवन ज्योति बीमा योजनाए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाए वृक्षारोपण सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं में लक्ष्यों की समय पर उपलब्धि हासिल कर जरुरतमंदों को राहत प्रदान करें।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों में बच्चों को कौशल पूर्ण शिक्षा देने व बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने पाठयपुस्तक के साथ.साथ अन्य गतिविधियों को जोड़ते हुए बच्चों में कौशल विकास संवर्धन के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखरेख करने तथा अधिकाधिक पौधारोपण के लिए सतत कार्य करने के निर्देश दिए।

...

# राज्यपाल ने बाबा रामदेव समाधि के दर्शन किए

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को जैसलमेर जिले के पोकरण में रामदेवरा पहुंचे। उन्होंने जन.जन के आराध्य देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। समाधि समिति के मुख्य पुजारी अरुण छंगाणी द्वारा उन्हें विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना करवाई गई।

राज्यपाल श्री बागडे ने बाबा रामदेव से देश.प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

.....












